देहरादून (उत्तराखण्ड)
गुरुवार 08.01.2026
समय 1305

मुख्य समाचार :–

- प्रदेश के सरकारी स्कूलों में कक्षा तीन और छह के पाठ्यक्रमों में स्थानीय परिवेश के अनुरूप बदलाव को लेकर एससीईआरटी ने एनसीईआरटी को प्रस्ताव भेजा।
- चमोली के जिलाधिकारी गौरव कुमार ने सीमांत क्षेत्र नीति घाटी का दौरा किया। गांव के लोगों से बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनीं।
- हरिद्वार जिले की न्याय पंचायत निरंजनपुर में जन–जन की सरकार जन–जन के द्वार कार्यक्रम के तहत आयोजित बहुउद्देशीय शिविर में 768 लोगों को विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित किया गया।
- बागेश्वर में केंद्र सरकार की प्रमुख योजनाओं पर कार्यशाला का आयोजन। स्वयं सहायता समूहों के सदस्यों और सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने सहभागिता की।

पाठ्यक्रम बदलाव

राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत प्रदेश के सरकारी स्कूलों में इस बार कक्षा 3 और 6 के पाठ्यक्रमों में बदलाव किया जाएगा। राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद– एससीईआरटी ने इस संबंध में राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिष– एनसीईआरटी को प्रस्ताव भेजा है। एनसीईआरटी की मंजूरी के बाद पाठ्यक्रम में बदलाव किया जाएगा। पहले चरण में इन दो कक्षाओं के लर्निंग आउटकम और किताबों में बदलाव किया जा रहा है। एससीईआरटी की निदेशक वंदना गर्ब्याल ने बताया कि पाठ्यक्रम में विशेष रूप से व्यावसायिक कौशल और गतिविधि आधारित शिक्षा को जोड़ा जा रहा है। साथ ही किताबों में उत्तराखंड के स्थानीय परिवेश, संस्कृति और यहां के महान व्यक्तियों से जुड़े अध्याय शामिल करने का भी प्रस्ताव है।

नीति घाटी

चमोली के जिलाधिकारी गौरव कुमार ने सीमांत क्षेत्र नीति घाटी का भ्रमण किया। उन्होंने टिम्मरसैण महादेव के दर्शन किए और पर्यटकों से टिम्मरसैण महादेव व नीति घाटी का भ्रमण करने की अपील की। जिलाधिकारी ने पर्यटन विभाग द्वारा क्षेत्र में पर्यटकों की सुविधा के लिए विकसित की जा रही आधारभूत व्यवस्थाओं की सराहना की। उन्होंने तपोवन से नीति घाटी तक मार्ग में पड़ने वाले वाईब्रेंट गांवों में विकास कार्यों की जानकारी भी ली। जिलाधिकारी ने स्थानीय लोगों से संवाद कर कनेक्टिविटी, पेयजल आपूर्ति, राशन की उपलब्धता और विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी ली। जिलाधिकारी ने तमक गांव के ग्रामीणों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को सुना और समस्याओं के निराकरण के संबंधित विभाग को निर्देश दिए। इस दौरान जिलाधिकारी ने बीआरओ द्वारा निर्माणाधीन ग्लेशियर कॉरिडोर का भी निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने बीआरओ द्वारा किए जा रहे सड़क निर्माण कार्य में भूमि हस्तांतरण से संबंधित विषयों को लेकर वन विभाग और राजस्व विभाग की संयुक्त टीम को स्थलीय निरीक्षण कर

भूमि हस्तांतरण प्रक्रिया सुनिश्चित किए जाने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि सीमांत क्षेत्रों का समग्र विकास केंद्र और राज्य सरकार की प्राथमिकता है।

<u>निरीक्षण</u>

चम्पावत जिले के मुख्य विकास अधिकारी डॉ. जी.एस. खाती ने विकास भवन का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान अनुपस्थित पाए गए पांच कर्मचारियों से स्पष्टीकरण मांगा गया। डॉ. खाती ने चेतावनी दी कि संतोषजनक जवाब न मिलने पर नियमानुसार वेतन रोकने की कार्रवाई होगी। उन्होंने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देश दिए कि वे अपने दायित्वों का निष्ठापूर्वक पालन करें और कार्यालय संचालन को सुचारू बनाएं।

<u>जन–जन की सरकार</u>

हरिद्वार जिले में लक्सर विकासखंड की न्याय पंचायत निरंजनपुर में जन–जन की सरकार जन–जन के द्वार कार्यक्रम के तहत आयोजित बहुउद्देशीय शिविर में 768 लोगों को विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित किया गया। शिविर में एक हाजर 252 लोगों को विभिन्न विभागों के माध्यम से प्रमाण पत्र जारी किए गए। इसके अलावा क्षेत्रवासियों की विभिन्न विभागों से संबंधित 98 समस्याओं में से 85 का मौके पर ही निस्तारण किया गया। शेष शिकायतों के निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए। इस अवसर पर राज्यसभा सासंद डॉ. कल्पना सैनी ने कहा कि जन–जन की सरकार जन–जन के द्वार कार्यक्रम के तहत प्रदेश की सभी न्याय पंचायतों में शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इनके माध्यम से लोगों को केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनों की जानकारी उपलब्ध कराने के साथ ही उनकी समस्याओं का समाधान किया जा रहा है।

<u>कार्यशाला</u>

बागेश्वर में जन शिक्षण संस्थान के तत्वावधान में केंद्र सरकार की प्रमुख योजनाओं पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में 50 से अधिक संख्या स्वयं सहायता समूहों के सदस्यों और सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने सहभागिता की। इस दौरान युवाओं को प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, डिजिटल इंडिया और प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना सहित अन्य महत्वपूर्ण योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी गई। जन शिक्षण संस्थान के निदेशक डॉ. जितेंद्र तिवारी ने कहा कि संस्थान निरंतर कौशल विकास, उद्यमिता और रोजगारपरक प्रशिक्षण के माध्यम से युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने का कार्य कर रहा है।

प्रशिक्षणार्थी पूजा ने कहा कि इस कार्यशाला से उन्हें विभिन्न योजनाओं की स्पष्ट जानकारी मिली है, जिससे भविष्य में स्वरोजगार शुरू करने में मदद मिलेगी।

ऑनलाइन पंजीकरण

दून मेडिकल कॉलेज अस्पताल में आने वाले मरीजों को अब पंजीकरण के लिए लाइन में इंतजार नहीं करना पड़ेगा। मेडिकल कॉलेज प्रबंधन ने ऑनलाइन पंजीकरण की व्यवस्था शुरू की है। अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. आर.एस बिष्ट ने बताया कि पंजीकरण काउंटर पर स्कैन एंड शेयर सुविधा अनिवार्य रूप से लागू कर दी गई है। इस व्यवस्था से मरीज घर बैठे या अस्पताल परिसर में लगे बारकोड को स्कैन कर अपना नंबर लगा सकते हैं। काउंटर पर पहुंचते ही उन्हें पर्चा मिल जाएगा। डॉ. बिष्ट ने बताया कि इस नई व्यवस्था में एक मोबाइल नंबर से आईडी बनाने के बाद परिवार के छह अन्य सदस्यों को भी जोड़ा जा सकता है।